पत्र सूचना शाखा
(राजभवन सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उ०प्र०

————————

राज्यपाल की प्रेरणा से फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड व माधव फाउंडेशन ने दान किए गए 25 ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर और 16 वेंटिलेटर

————————

लखनऊः 15 मई 2021

कोविड–19 की दूसरी लहर के बीच भारत के ग्रामीण हिस्सों में ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर और वेंटिलेटर की गंभीर कमी को देखते हुए फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने सीएसआर पार्टनर मुकुल माधव फाउंडेशन के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से विभिन्न अस्पतालों के सहायतार्थ 15 ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर और 12 वेंटिलेटर के सापेक्ष लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, एसजीपीजीआई, आरएमएल आयुर्विज्ञान संस्थान, राज्य कैंसर संस्थान, लोकबंधु अस्पताल के लिये 12 वेंटिलेटरआज राजभवन में उपलब्ध करा दिए हैं जिन्हें शीघ्र ही संबंधित संस्थान को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

माधव फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने यह भी बताया कि उक्त के अतिरिक्त इनमें से प्रत्येक संस्थान को किट के रूप में–मास्क 250, दस्ताने 250, पीपीई सूट 100, थर्मोस्कैनर 2, ऑक्सीमीटर 2, पेरासिटामोल 300 स्ट्रिप्स तथा 25 ऑक्सीजन कंसेंट्रेटरआदि सामग्री शीघ्र ही राजभवन को उपलब्ध करा दी जायेगी ।

मुकुल माधव फाउंडेशन ने बताया कि उन्होंने सिद्धार्थ नगर और गोरखपुर जिलों से प्राप्त आवश्यकता को भी पूरा किया है और वहाँ पर प्रत्येक जिले में 5 ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर और 2 अशोक लीलैंड निर्मित वेंटिलेटर (ऑटोमेटेड रेस्पिरेटरी असिस्ट डिवाइस (एआरएडी)) के साथ उपलब्ध करा दिया है यह सब कार्य स्वयंसेवकों,

भागीदारों और अन्य शुभचिंतकों की मदद से ही संभव हो सका, जिन्होंने जमीनी कार्य को लागू करने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हाथ आगे बढ़ाया।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी /राजभवन (223/10)